


दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड
DSSSB PRT, TGT & PGT
ROJGAR
With
ANKIT
Part(A+B)
SCHOLAR BATCH
हिन्दी
विशेषण
LIVE 26-03-2024 09:00 AM




विशेषण के चार भेद/प्रकार होते हैं।

**परिभाषा** - जो शब्द संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता प्रकट करते हैं। उन्हें विशेषण कहते हैं।

संज्ञा

अनारकली | बहुत | सुन्दर | है।

वह

विशेष्य — सर्वनाम — प्रविशेषण — विशेषण

**विशेष्य** - जिस व्यक्ति अथवा वस्तु की विशेषता बताई जाये उसे विशेष्य कहते हैं

**प्रविशेषण** - विशेषणों की विशेषता बताने वाले शब्द प्रविशेषण कहलाते हैं

**1. गुणवाचक विशेषण** – जिन विशेषण शब्दों से संज्ञा अथवा सर्वनाम के गुण, दशा, आकार, रंग, दिशा, स्वाद आदि का बोध हो उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं।

- हमारी गाय काली है।
- रमेश एक बलवान युवक है।
- राधा मेधावी छात्रा है।
- हमने नया घर बनवा लिया है।
- कमलेश सीधा आदमी है।
- पृथ्वी गोल है।
- रवि एक ईमानदार इंसान है।
- वह एक चंचल बालक है।
- मेरे पास काली शर्ट है।
- विक्रम का कद छोटा है।
- चाय मीठी है।

आकार

अमन गोरा लड़का है

सच्चा

अच्छा

**गुणबोधक** – अच्छा, बुरा, कठिन, सरल, सच्चा, झूठा आदि।

**दशाबोधक** – नया, पुराना, रोगी, बीमार, दुबला, कमजोर, मोटा, पतला, वृद्ध, युवा, स्वस्थ, सूखा, फटा हुआ आदि।

**दिशाबोधक** – पश्चिमी, उत्तरी, दक्षिणी, पूर्वी आदि।

**स्वादबोधक** – मीठा, खट्टा, नमकीन, कड़वा, तीखा आदि।

**रंगबोधक** – काला, गोरा, नीला, पीला, हरा, चमकीला आदि।

**कालबोधक** – प्राचीन, आधुनिक, ऐतिहासिक, पुराना आदि।

**स्थानबोधक** – भारतीय, विदेशी, रूसी, चीनी, ग्रामीण आदि।

**आकारबोधक** – बड़ा, छोटा, लम्बा, चौड़ा, तिकोना आदि।

विशेषण

सेब सिन्दूरी लाल

विशेष्य

प्रविशेषण

हल्का पीले रंग का

**2. परिमाणवाचक विशेषण** - जिन विशेषण शब्दों द्वारा संज्ञा की मात्रा [नाप-तौल] का बोध हो उसे परिमाण वाचक विशेषण कहते हैं।

अथवा

जिन विशेषण शब्दों को हम नाप-तौल सकते है परन्तु गिन नही सकते उन्हें परिमाण वाचक विशेषण कहते है।

परिमाण वाचक विशेषण दो प्रकार के होते है-

**(i). निश्चित परिमाणवाचक विशेषण** – जिन विशेषण शब्दों से संज्ञा की निश्चित मात्रा का बोध होता है। उसे निश्चित परिमाण वाचक विशेषण कहते हैं।

9818489147

जैसे - चार गज मलमल
दस किलो घी
2 ली० दूध
1 ली० पानी
10 ग्राम सोना

5 ग्राम चाँदी

1 मी० कपड़ा
2 किलो गेहूँ
2 किलो दही
5 क्विंटल चावल

4 ली० पेट्रोल

मोहन बाजार से 2 K.g. सेब लाया।

## (ii). अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण – जिन विशेषण शब्दों द्वारा संज्ञा की अनिश्चित मात्रा का बोध हो उसे अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं।

जैसे – कुछ सेब
थोड़े गेहूं
बहुत घी
कुछ कपड़ा
थोड़ा पानी
बहुत दूध
थोड़ा शहद